दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 06 / 2026

प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. ग्रामीण विकास को समर्पित महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी कल से प्रदेशभर में होगी लागू। प्रत्येक व्यस्क को एक सौ पच्चीस दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी।

02 उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा–राज्य की एनडीए सरकार सुशासन और विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर कथित पुलिस मुठभेड़ मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से किया इनकार।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून का राज्यभर में हुआ विस्तार। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, कटिहार, शिवहर, सीतामढ़ी, समेत कई जिलो में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

ग्रामीण विकास को बढ़ावा देनेवाली महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी कल से प्रदेशभर में लागू कर दी जायेगी। इसके तहत हर व्यस्क व्यक्ति को वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी दी जायेगी। ग्राम पंचायतें योजना का निर्माण करेंगी और श्रमिकों के बैंक खातों में मजदूरी का सीधा और समयबद्ध भुगतान किया जायेगा। जी राम जी योजना वर्तमान में चल रही मनरेगा योजना का स्थान लेगा।

---

राज्य में तिरेपन हजार करोड़ रुपये की लागत से पाँच प्रमुख सड़क और पुल परियोजनाओं का निर्माण किया जायेगा। इस प्रस्ताव को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है। इनमें पटना–पूर्णिया मार्ग, वाराणसी–कोलकाता कॉरिडोर के दो पैकेज, गंडक नदी पर पुल, मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी राष्ट्रीय राजमार्ग और अनीसाबाद–दीदारगंज एलिवेटेड रोड सहित कई परियोजनायें शामिल हैं।

---

बिहार विधान परिषद में नवनिर्वाचित सदस्यों का कल शपथग्रहण होगा। परिषद के उपसभागार में अपराह्न चार बजे आयोजित शपथग्रहण समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह, भाजपा नेता संजय मयूख, लोजपा रामविलास के अशरफ अंसारी और राजद के सुनील सिंह समेत दस नवनिर्वाचित पार्षदों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जायेगी।

---

कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि राज्य के छब्बीस संग्रहालयों में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का कार्य सुदृढ़ बनाया जायेगा। श्री कुमार पटना के विकास भवन में आयोजित विभागीय नियुक्ति पत्र वितरण समरोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सहायक संग्रहालय अध्यक्ष पद पर चयनित नौ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

---

राज्य के सरकारी स्कूलों में अगामी चार जुलाई को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठि का आयोजन किया जायेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। संगोष्ठी के दौरान स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और ड्रॉप आउट, सरकारी योजनाओं तथा स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की जायेगी गई। गौरतलब है कि सत्ताईस जून को भीषण गर्मी और अवकाश के कारण कई स्कूलों में संगोष्ठी का आयोजन नहीं हो सका था।

---

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड में फर्जी डिग्री के आधार पर कार्य कर रहे तेरह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी शिक्षकों से मानदेय की वसूली की जायेगी साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी।

———बाइट———

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। हरियाणा के हिसार में खेत बचाओ अभियान के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार एक मोबाइल ऐप विकसित करने पर काम कर रही है जो मिट्टी और उसमें आवश्यक उर्वरक की मात्रा के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने की भी सलाह दी।

———बाइट———

हम संतुलित खाद डालें। संतुलित कीटनाशक जीतनी जरूरत है, जिन तत्वों की आवश्यकता वहीं डालें। अत्यधिक केमिकल फर्टिलाइजर के उपयोग से हमारी धरती बीमार हो रही है, हमारी मिट्टी खराब हो रही है और उसमें उत्पादित जो फल सब्जी, अनाज है उसके कारण कई तरह की बीमारियां मानव शरीर में भी घर कर रही है। अलनीनो का प्रभाव यहां भी अब बारिश नहीं हो रही है। इस प्राकृतिक संतुलन को हमको बना के रखना पड़ेगा, ताकि हमारी धरती सुरक्षित रहे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे।

---

पेट्रोल और डीज़ल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध कल से हट जायेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर एक जुलाई से एक दिन में अधिकतम दो सौ लीटर पेट्रोल या डीज़ल देने की सीमा समाप्त कर दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि अब देश में पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति सामान्य हो गई है। इसलिए जनहित में इन अस्थायी प्रतिबंधों को वापस लेने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण बारह जून से पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए थे।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर कथित फर्जी पुलिस मुठभेड़ मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता को इस

मामले में पहले उच्च न्यायालय का रूख करने को कहा है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दाखिल की थी। गौरतलब है कि राज्य सरकार के निर्देश पर मामले की न्यायिक जांच शुरू की जा चुकी है।

---

उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सुशासन और विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। श्री चौधरी ने पटना स्थित जदयू कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि विकास कार्यों में केन्द्र सरकार का महत्त्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में संभावित बाढ़ और सुखे की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने पर्याप्त तैयारी की है। सरकार ने नई योजना के तहत बाढ़ के पानी को नहरो और अन्य माध्यमों से संग्रहित करने की व्यवस्था की है।

———बाइट———

---

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हो गया है। इसके कारण कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खगड़िया, समस्तीपुर और जमुई में आज सुबह तेज बारिश हुई। पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी कुछ स्थानों पर बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, कटिहार, शिवहर, सीतामढ़ी, भागलपुर, पूर्णियां समेत कई जिलो में तेज हवा के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

---

केन्द्र सरकार ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के सामने अपील करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई तक बढा दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार पिछले वर्ष सितंबर में जारी अधिसूचना में अपील दायर करने की अंतिम तिथि इस वर्ष तीस जून निर्धारित की गई थी। विभिन्न हितधारकों न्यायाधिकरण में अपील दायर करने की भारी संख्या के कारण आई तकनीकी बाधा का हवाला देते हुए सरकार से अंतिम तिथि बढाने का अनुरोध किया था। सरकार ने करदाताओं को भी सलाह दी है कि वे समय रहते ही अपील दायर कर दें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

---

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज सेवानिवृत हो गये। अपने विदाई समारोह के तहत, उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चार दशकों से अधिक समय तक भारतीय सेना में सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को जिम्मेदारी सौंपते हुए उनके सफल भविष्य की शुभकामना दी।

---

आकाशवाणी पटना में कार्यरत वरीय अभियंता सहायक विपिन चन्द्र गुप्ता आज सेवानिवृत हो गये। इस अवसर पर आयोजित विदाई कार्यक्रम में केन्द्राध्यक्ष एच.डी सिडाम समेत अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें सफल और स्वस्थ जीवन की शुभकामना दी।

---

शेखपुरा जिले के कई पंचायत में आज शहयोग शिविर का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर आयोजित विशेष शिविरों में वरीय अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने लागों की समस्याएं सुनीं।

---

रोहतास जिले के बौलिया रोड स्थित सुराज संस्था के कार्यालय में एचआईवी एड्स की ऑनलाइन काउंसलिंग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र कुमार शुक्ला ने एड्स संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए स्लॉट बुक करने की प्रक्रिया बताई।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जिले में चलाई जा रही प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजना के क्रियान्वय में तेजी लाने के आदेश दिये।

---

शिवहर के एडीआर भवन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से स्थायी लोक अदालत के संचालन को लेकर महत्त्वपूर्ण बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता प्राधिकार के सचिव सह न्यायाधीश ललन कुमार रजक ने किया।

---

मुंगेर के स्थानीय प्रेक्षागृह में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के तहत आज कन्या जन्मोत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निखिल धनराज निपण्णीकर ने इसका शुभारंभ किया।

---

सारण जिले के चिरांद में आज उन्नीसवें चेतना महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव के दौरान गंगा पूजन, महाआरती, चित्र प्रदर्शनी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

सुपौल जिले की स्थानीय मेडिएशन सेंटर में स्थायी लोक अदालत की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजन किया गया। लोक अदालत के अध्यक्ष संजय कुमार झा ने अदालत के क्षेत्राधिकार और कार्य प्रणाली की जानकारी दी।

---

सीवान पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत पैंतीस लोगों को उनके गुम और चोरी हुए मोबाईल फोन लौटा दिये। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार ने वास्तविक मालिकों को फोन सौंपा।

---

अरवल जिले के कोनिका गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब को नष्ट कर दिया। उत्पाद अधीक्षक ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर मौजूद शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया है।

---

जहानाबाद जिल के काको प्रखंड अंतर्गत अमथुआ में जागृति योजना दो हजार पच्चीस के तहत सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दियारा इलाके में गंगा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक और पार्षद ने अस्पताल पहुंच कर उनका हालचाल लिया।

---

01. ग्रामीण विकास को समर्पित महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी कल से प्रदेशभर में होगी लागू। प्रत्येक व्यस्क को एक सौ पच्चीस दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी।

02 उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा–राज्य की एनडीए सरकार सुशासन और विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर कथित पुलिस मुठभेड़ मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से किया इनकार।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून का राज्यभर में हुआ विस्तार। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, कटिहार, शिवहर, सीतामढ़ी, समेत कई जिलो में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त